# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 8TH



aglasem.com

Class : 8th

Subject : वसंत

Chapter : 14

Chapter Name : अकबरी लोटा

Q1 "लाला ने लोटा ले लिया, बोले कुछ नहीं, अपनी पत्नी का अदब मानते थे।"

लाला झाऊलाल को बेढंगा लोटा बिलकुल पसंद नहीं था। फिर भी उन्होंने चुपचाप लोटा ले लिया। आपके विचार से वे चुप क्यों रहे? अपने विचार लिखिए।

Answer. लाला झाऊलाल को बेढंगा लोटा बिलकुल पसंद नहीं था । फिर भी उन्होंने चुपचाप लोटा ले लिया क्योंकि वे अपनी पत्नी का लिहाज करते थे| और उस समय तक वे अपनी पत्नी द्वारा माँगे गए रुपयों का इंतज़ाम भी नहीं कर पाए थे| उन्होंने कुछ नही बोला और चुपचाप उसी लोटे से पानी पीने लगे |

Page : 92, Block Name : कहानी की बात

Q2 "लाला झाऊलाल जी ने फौरन दो और दो जोड़कर स्थिति को समझ लिया।"

आपके विचार से लाला झाऊलाल ने कौन-कौन सी बातें समझ ली होंगी?

Answer. लाला झाऊलाल ने जब भीड़ में अँग्रेज़ को पूरा भीगा हुआ देखा और उसके पास वही लोटा देखा तो वे समझ गए कि लोटा अंग्रेज के ऊपर गिरा हैं|

Page : 92, Block Name : कहानी की बात

Q3 अँग्रेज़ के सामने बिलवासी जी ने झाऊलाल को पहचानने तक से क्यों इनकार कर दिया था? आपके विचार से बिलवासी जी ऐसा अजीब व्यवहार क्यों कर रहे थे? स्पष्ट कीजिए।

Answer. बिलवासी जी ने अँग्रेज़ से रूपये प्राप्त करने के लिए योजना बना ली थी| वे अँग्रेज़ के सामने झाऊलाल जी को अजनबी बताकर अँग्रेज़ को फँसाना चाहते थे|

Page : 92, Block Name : कहानी की बात

Q4 बिलवासी जी ने रुपयों का प्रबंध कहाँ से किया था? लिखिए।

Answer. बिलवासी जी ने रूपये अपनी पत्नि के संदूक से निकाले थे|

Page : 92, Block Name : कहानी की बात

Q5 आपके विचार से अँग्रेज़ ने यह पुराना लोटा क्यों ख़रीद लिया? आपस में चर्चा करके वास्तविक कारण की खोज कीजिए और लिखिए।

Answer. अँग्रेज़ ने यह पुराना लोटा इसलिए ख़रीद लिया क्योंकि उसे पुरानी और ऐतिहासिक चीज़ो के संग्रह का शौक था| जब झाऊलाल जी ने बताया की वह अकबरी लोटा हैं तो अँग्रेज़ तुरंत उसे खरीदने के लिए तैयार हो गया|

Page : 92, Block Name : कहानी की बात

Q1 "इस भेद को मेरे सिवाए मेरा ईश्वर ही जानता है। आप उसी से पूछ लीजिए। मैं नहीं बताँऊगा।"

aglasem.com

बिलवासी जी ने यह बात किससे और क्यों कही? लिखिए।

Answer. बिलवासी जी ने यह बात झाऊलाल जी से कही थी जब उन्होंने पूछा की ढाई सौ रूपये कहा से आये| बिलवासी जी रूपये अपनी पत्नी के संदूक से चुरा-कर लाये थे और वे यह बात झाऊलाल जी को बताना नहीं चाहते थे|

Page : 92, Block Name : अनुमान और कल्पना

Q2 "उस दिन रात्रि में बिलवासी जी को देर तक नींद नहीं आई।"

समस्या झाऊलाल की थी और नींद बिलवासी की उड़ी तो क्यों? लिखिए।

Answe. बिलवासी जी की नींद इसलिए उड़ी थी क्योंकि उन्हें अपनी पत्नी के संदूक में रूपये वापस रखने थे और संदूक की चाबी उनकी पत्नी के गले में बंधी हुई थी| उन्हें डर था की कही उनकी पत्नी को पता न चल जाये|

Page : 92, Block Name : अनुमान और कल्पना

Q3 "लेकिन मुझे इसी जिंदगी में चाहिए।"

"अजी इसी सप्ताह में ले लेना।"

"सप्ताह से आपका तात्पर्य सात दिन से है या सात वर्ष से?"

झाऊलाल और उनकी पत्नी के बीच की इस बातचीत से क्या पता चलता है? लिखिए।

Answer. झाऊलाल और उनकी पत्नी के बीच की इस बातचीत से पता चलता है कि झाऊलाल जी की पत्नी को विश्वास नहीं था कि उसे सचमुच मेंं ढाई सौ रूपये मिल जायेंगे क्योंकि झाऊलाल जी के पास इतने रूपये नहीं रहते थे|

Page : 92, Block Name : अनुमान और कल्पना

क्या होता यदि

Q1 अंग्रेज़ लोटा न खरीदता?

Answer – यदि अँग्रेज़ लोटा न खरीदता तो झाऊलाल जी को रूपये नहीं मिलते और उन्हें अपनी पत्नी के सामने बेइज़्ज़त होना पड़ता|

Q2 यदि अंग्रेज़ पुलिस को बुला लेता?

Answer – यदि अँग्रेज़ पुलिस को बुला लेता तो झाऊलाल जी को जेल हो सकती थी या जुर्माना देना पड़ता|

Page : 93, Block Name : क्या होता यदि

Q3 जब बिलवासी अपनी पत्नी के गले से चाबी निकाल रहे थे, तभी उनकी पत्नी जाग जाती?

Answer – जब बिलवासी अपनी पत्नी के गले से चाबी निकाल रहे थे, तभी उनकी पत्नी जाग जाती तो उनका चोरी का भेद खुल जाता|

Page : 93, Block Name : क्या होता यदि

aglasem.com

Q1 "अपने वेग में उल्का को लजाता हुआ वह आँखों से ओझल हो गया।" उल्का क्या होती है? उल्का और ग्रहों में कौन-कौन सी समानताएँ और अंतर होते हैं?

Answer. आकाश में कभी-कभी एक ओर से दूसरी ओर अत्यंत वेग से जाते हुए अथवा पृथ्वी पर गिरते हुए जो पिंड दिखाई देते हैं उन्हें उल्का कहते हैं|

समानताएँ – दोनों सूर्य के आस पास चक्कर लगाते हैं |

दोनों चट्टान के कण से बने होते हैं|

अंतर - ग्रहों का आकार बड़ा होता हैं जबकि उल्का का आकार छोटा|

ग्रह अपनी निश्चित सीमा में घूमते हैं जबकि उल्का की कोई निश्चित धुरी नहीं होती|

Page : 93, Block Name : पता कीजिये

Q2 "इस कहानी में आपने दो चीज़ों के बारे में मजेदार कहानियाँ पढ़ीं-अकबरी लोटे की कहानी और जहाँगीरी अंडे की कहानी।"

आपके विचार से ये कहानियाँ सच्ची हैं या काल्पनिक?

Answer –ये दोनों ही कहानियाँ काल्पनिक हैं|

Page : 93, Block Name : पता कीजिये

Q3 अपने घर या कक्षा की किसी पुरानी चीज़ के बारे में ऐसी ही कोई मजेदार कहानी बनाइए |

Answer - छात्र स्वयं करें |

Page : 93, Block Name : पता कीजिये

Q4 बिलवासी जी ने जिस तरीके से रुपयों का प्रबंध किया, वह सही था या गलत ?

Answer – बिलवासी जी ने जिस तरीके से रुपयों का प्रबंध किया वह गलत था| क्योंकि उन्होंने अँग्रेज़ को बेवकूफ़ बनाया था|

Page : 93, Block Name : पता कीजिये

भाषा की बात

Q1 इस कहानी में लेखक ने जगह-जगह पर सीधी-सी बात कहने के बजाय रोचक मुहावरों, उदाहरणों आदि के द्वारा कहकर अपनी बात को और अधिक मजेदार/रोचक बना दिया है। कहानी से वे वाक्य चुनकर लिखिए जो आपको सबसे अधिक मजेदार लगे।

Answer.

- "लेकिन मुझे इसी जिंदगी में चाहिए।" "अजी इसी सप्ताह में ले लेना।" "सप्ताह से आपका तात्पर्य सात दिन से है या सात वर्ष से?"
- कुछ ऐसी गढ़न उस लोटे की थी कि उसका बाप डमरू, माँ चिलम रही हो।
- अपने वेग में उल्का को लजाता हुआ वह आँखों से ओझल हो गया।

aglasem.com

- अब तक बिलवासी जी को वे अपनी आँखो से खा चुके होते।

Page : 93, Block Name : भाषा की बात

Q2 इस कहानी में लेखक ने अनेक मुहावरों का प्रयोग किया है। कहानी में से पाँच मुहावरे चुनकर उनका प्रयोग करते हुए वाक्य लिखिए।

Answer. I. आँख सेंकना - किसी वस्तु को देखते रहना

वाक्य – ताजमहल को देखकर लोग अपनी आँखे सेंकते हैं|

II. मारा-मारा फिरना - ठोकरें खाना

वाक्य – आज कल नौकरी के लिए राम मारा - मारा फिर रहा हैं|

III. चैन की नींद सोना - निश्चिंत होकर सोना

वाक्य - परीक्षा ख़त्म होने पर विद्यार्थी चैन की नींद सोते हैं|

IV. डींगे सुनना - बड़ी बड़ी बाते करना / झूठी तारीफ करना

वाक्य - मेजर डगलस अंग्रेज को डींगे सुनाते थे|

V. आँखों से खा जाना - क्रोधित होना

वाक्य - जब मैंने माँ से पाँच सौ रूपये मांगे तो माँ ने ऐसे देखा जैसे आँखों से खा जायेगी|

Page : 93, Block Name : भाषा की बात

aglasem.com